राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यत अखिल भारतीय तथा विशेषत राजस्थान-प्रदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषा-निबद्ध
विविध वाङ्मय प्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक
जितेन्द्रकुमार जैन
निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

ग्रन्थांक १३३

महाराजा मानसिंहजी री ख्यात

प्रकाशक
राजस्थान-राज्य-संस्थापित
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर (राज.)

मुद्रक पंकज प्रिन्टर्स आनन्द सिनेमा के पास, गुरुद्वारा, जोधपुर

वि सं २०३६ भारत राष्ट्रीय शकाब्द १९०१

प्रधान सम्पादकीय

प्रस्तुत ग्रथ 'राजस्थान पुरातन ग्रथमाला' के अन्तर्गत 133 वें पुष्प रूप मे विद्वानो के हाथो मे सौंपते हुए हमे बडी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

भारतीय मध्यकालीन ऐतिह्य सामग्री मे जहा फारसी के इतिहास-लेखको को स्थान प्राप्त है, वहा राजस्थान की ख्यात, वात, वशावली, पीढियावली पट्टावली, विगत, हकीकत, हाल, याद, वचनिका, एव दवावैत ग्रादि के लेखको की भी अनदेखी नही की जा सकती । इन दोनो ही प्रकार के इतिहास-लेखको की सामग्री प्रकाशित रूप मे आज हमे उपलब्ध होती है । जहाँ तक घटित घटनाओ की प्रामाणिकता का प्रश्न है वहा दोनो ही लेखको की कलम ने अपने-अपने आश्रयदाता के गुणगान करने मे कोई कसर नही छोडी । फिर भी हमे काफी सीमा तक ऐतिहासिक घटना-क्रम को एक दूसरे की सामग्री के तुलनात्मक अध्ययन से तथ्यात्मक विवरण उपलब्ध हो सकता है ।

राजपूत राजाओ की रियासतो मे 'ख्यात' लेखन की परम्परा 17 वी शताब्दी से 19 वी शताब्दी तक मिलती है ।

प्रस्तुत ख्यात मे जहा जोधपुर के महाराजा मानसिह के कार्यकाल मे प्रशासनिक अव्यवस्था, राजनैतिक उथल-पुथल, नाथ-सम्प्रदाय का बलात् विस्तार, नाथो द्वारा राज्य-कार्य मे हस्तक्षेप करना, टोंक के नवाब मीर खा पिण्डारी आदि की लूट पाट से राज्य की आर्थिक स्थिति डावांडोल रहती थी वही इस राज्य में मानसिह द्वारा कवियो, लेखको, शिल्पियो, चित्रकारी एव सगीतज्ञो को भी अच्छा प्रोत्साहन मिला ।

मानसिह स्वय भी एक अच्छे कवि थे जिन्होने नाथो की भक्ति से ओत-प्रोत होकर अनेक रचनाए की । इनकी कवित्व-शक्ति का एक उदाहरण देखिए —

कविराजा बाकीदास जो महाराजा मानसिह के राज्याश्रित प्रतिभाशाली एव विलक्षण कवि थे, के देहावसान पर मातमपुर्सी के लिए स्वय मानसिह उनकी हवेली पर पहुचे थे और वहा स्वर्गीय बाकीदास के लिए मरसिये कहे थे ।

सद्विद्या बहु साज । बाकी थी बाका वसू ।।
कर सूधी कवराज । आज कठी गो, आसिया ।।
विद्या कुळ विख्यात । राज-काज हर रहसी री ।।
बाका ! तो विण बात । किण आगळ मन री कहा ।।

भावार्थ है—विभिन्न साजो वाली उत्तम विद्या बाकीदास के जीवित रहते ही बाकी (निराली) थी । हे आसिया ! हे कविराज ! उसे सीधा करके (बकिम विहीन) करके तू कहा चला गया ?

कुल प्रसिद्ध विद्या सम्बन्धी, राज्य-कार्य सम्बन्धी, लालसा सम्बन्धी तथा आनन्द देने वाली मन की बातें आज तेरे बिना किसके समक्ष कहे ?

'ख्यात' मे मानसिंह के राज्य-सिंहासनारूढ से प्रारम्भ होकर उनकी मृत्यु पर्यन्त राज्य सचालन की गतिविधियो, सामाजिक, आर्थिक स्थितियाँ हत्याए, लूट-पाट राज्याश्रित जागीरदारो के पक्ष-विपक्ष में विभिन्न खेमे, नाथों व ओसवाल मुत्सद्दियों का प्रभुत्व, रनिवास मे रानियों आदि के विभिन्न दल, अंग्रेजो द्वारा पुनर्गठित राजव्यवस्था, युवराज छत्रसिंह की हत्या के बाद मानसिंह की दुरवस्था, तत्कालीन पडौसी राज्यो मे सम्बन्ध आदि का रोचक एव विस्तृत वर्णन मिलता है ।

प्रस्तुत ख्यात का अविकल पाठ विभिन्न पाठों के ताल-मेल के साथ प्रथम बार प्रकाशित किया जा रहा है । इसमे राजस्थानी भाषा के साथ-साथ तत्कालीन खडी बोली का भी प्रयोग हुआ है ।

जहा यह ग्रंथ ऐतिहासिक सामग्री का विश्लेषण करने वाले शोध विद्वानों के लिए उपादेय होगा वहीं तत्कालीन सामाजिक व आर्थिक ढांचा भी अनुसन्धित्सुओं के लिए महत्व का होगा ।

कुछ वर्षों पहले इसी प्रतिष्ठान द्वारा 'मारवाड रा परगना री विगत' जैसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ का सम्पादन राजस्थानी भाषा के विद्वान् डा० नारायणसिंह भाटी द्वारा करवाकर प्रकाशित किया गया था । उसका इतिहास-जगत् मे अच्छा स्वागत हुआ और देश के उच्च कोटि के इतिहासविदो ने इस ग्रन्थ की सम्पादन-पद्धति की भी सराहना की, और, तत्कालीन निदेशक महोदय ने डा० भाटी से आग्रह किया कि वे प्रतिष्ठान के लिए 'महाराजा मानसिंह की ख्यात' का भी सम्पादन कर दें । डा. भाटी ने उक्त अनुरोध पर यह सम्पादन-कार्य उन्ही दिनो पूरा कर दिया था पर, प्रतिष्ठान की कुछ कठिनाइयों के कारण तब उसका प्रकाशन सम्भव नहीं हो सका । अब यह महत्वपूर्ण ग्रंथ अनुसन्धित्सुओं के उपयोग के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

यह ग्रन्थ शोधकर्ताओं के लिए अधिक उपयोगी हो सके इसके लिये सम्पादक महोदय ने अपनी विस्तृत भूमिका के अलावा ग्रन्थ के अन्त मे नामानुक्रमणिकाए तथा उस समय के कुछ महत्वपूर्ण पत्र भी जोड दिये हैं जो अब तक अप्रकाशित थे और जिनसे उस समय के मारवाड की कई आन्तरिक हलचलों का पता चलता है । प्रतिष्ठान के कनिष्ठ तकनीकी सहायक श्री गिरधरवल्लभ दाधीच जिन्होंने प्रूफ-शोधन आदि मे उल्लेखनीय सहयोग दिया है, धन्यवाद के पात्र हैं । वैसा ही सहयोग विभाग को पकज प्रिन्टर्स, के श्री पुखराज जांगिड से मिला, जिसके लिए इन्हे भी धन्यवाद देना चाहूगा ।

जे. के. जैन

सम्पादकीय

महाराजा मानसिंह का प्रादुर्भाव उस समय हुआ जब केन्द्र मे मुगल-सत्ता के अवसान के साथ ब्रिटिश कम्पनी का राज्य काफी जम चुका था और वे राजस्थान के रजवाडो को अपने वश मे करने को प्रयत्नशील थे। शताब्दियो से मुगलो के साथ सघर्ष और आपसी झगडो के कारण राजस्थान के रजवाडे अब काफी क्षीण हो चुके थे। मरहठो की लूटपाट और पिंडारियो के उत्पात के कारण यह रजवाडे आर्थिक दृष्टि से भी बहुत टूट चुके थे। ऐसी स्थिति मे अग्रेजो को यहा पर अपना वर्चस्व कायम करने मे बहुत अधिक समय नही लगा।

महाराजा मानसिंह की गद्दीनशीनी (वि स १८६०) के समय तो मारवाड की हालत और भी बदतर थी क्योकि यहा के जागीरदार भी दो खेमो मे बटे हुए थे। बहुत से जागीरदार पोकरन ठाकुर सवाईसिंह के प्रभाव के कारण स्वर्गीय महाराजा भीमसिंह की गर्भवती रानी के होने वाले पुत्र को जोधपुर की गद्दी का हकदार बनाना चाहते थे तो दूसरी ओर इन्द्रराज सिंघवी के प्रभाव से कुछ जागीरदारो ने मिलकर (जो महाराजा मानसिंह को ही गद्दी का हकदार समझते थे) महाराजा मानसिंह को जालोर से लाकर सवाईसिंह की इच्छा के विपरीत जोधपुर की गद्दी पर ला बठाया।

इस ख्यात मे जालोर के घेरे से लेकर मानसिंह की गद्दीनशीनी तक का ब्योरा काफी विस्तार से दिया गया है जिससे मारवाड के आन्तरिक विघटन आदि का ठीक से अनुमान लगाया जा सकता है।

मानसिंह के गद्दी पर बैठने से लेकर उसकी मृत्यु तक मारवाड मे कभी पूर्ण शाति नही रही न ही मानसिंह ने चैन की सास ली। इन सब परिस्थितियो का वर्णन जहा इस ख्यात मे विस्तार के साथ किया गया है वहा मारवाड के तत्कालीन पडोसी राज्यो से सम्बन्ध, मरहठों और पिंडारियों का दखल तथा अग्रेजो के साथ सन्धि एव उनका राज्य-कार्य मे हस्तक्षेप आदि का ब्योरा भी बहुत विस्तार के साथ दिया गया है। इसके अतिरिक्त उस समय के राजनैतिक दाव-पेच, सैन्य-संचालन, मुत्सद्दियो की कारगुजारी, विभिन्न ओहदेदारो के जिम्मे

कार्य एव उनकी कार्य-पद्धति तथा जागीरदारो की खेमापरस्ती आदि का बड़ा ही सजीव चित्रण इसमे मिलता है। मानसिंह की नाथ-सम्प्रदाय मे गहरी आस्था थी क्योंकि जालोर के घेरे के समय देवनाथ के वचन से ही वे जालोर के किले मे रुके रहे जिसके फलस्वरूप भीमसिंह की अचानक मृत्यु के बाद जोधपुर की राज्यगद्दी उन्हे प्राप्त हुई इसलिये वे आजीवन नाथो के परम भक्त बने रहे और उनके लिये न केवल महामन्दिर एवं उदयमन्दिर मे बड़ी ईमारतें बनवाई बल्कि प्रत्येक परगने मे उनके लिये धार्मिक स्थान स्थापित किये। इसके अतिरिक्त राज्य का बहुत सा द्रव्य भी उनके लिये निरन्तर खर्च किया जाता था। नाथो की आज्ञा उनके लिये सदा शिरोधार्य रही जिससे राज्य-कार्य और राजनीति मे भी उनका दखल दिनो-दिन बढ़ता रहा। महाराजा मानसिंह स्वयं कवि थे और उन्होने चारणो को बहुत प्रश्रय दिया था। उनके समय मे बाकीदास आसिया, उदयराम, मन्छाराम और उत्तमचद भडारी जैसे श्रेष्ठ कवि हुए जिनका राजस्थानी साहित्य व इतिहास मे बड़ा महत्व है। यद्यपि उस समय मारवाड की आर्थिक स्थिति अच्छी नही थी, परन्तु फिर भी मानसिंह ने चारणों को ६१ सांसण[1] प्रदान किये और लाखो रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये। ये लोग समय असमय का ध्यान रखे बिना ही राजा से निरन्तर धन प्राप्ति के लिये प्रयास करते रहते थे और इसी गरज से वे नाथजी के भी भक्त बने रहते थे तथा उनके मारफत द्रव्य एवं जागीरें आदि भी हासिल करते थे इन सब तथ्यो का ख्यात मे यथा स्थान बड़ा रोचक वर्णन प्रस्तुत किया गया है।

अब हम इस ख्यात में वर्णित कुछ मुख्य घटनाओ का उल्लेख करेंगे जिन पर ख्यात मे विशेष रूप से प्रकाश डाला गया है।

जालोर के किले का घेराव—

जोधपुर के महाराजा विजयसिंह की मृत्यु के पश्चात् सवत् १८४८ मे महाराजा भीमसिंह गद्दी पर बैठा। उस समय जालोर विजयसिंह की पासवान गुलाबराय के पट्टे मे थी और मानसिंह (जिस पर उस पासवान की विशेष कृपा थी) को उसने भीमसिंह के चगुल से बचाने के लिये जालोर के किले मे भेज दिया। विजयसिंह के जीते-जी शेरसिंह को उन्होने युवराज पदवी दी थी, परन्तु भीमसिंह ने उसे छल द्वारा मरवा दिया और वह अब मानसिंह को समाप्त करना चाहता था इसलिये उसने जालोर के किले के घेरा डाल दिया तथा सिंघवी इन्द्रराज एव गगाराम भंडारी के जिम्मे यह कार्य सौपा गया। लम्बी

---

1. 'इगसठ सासण अप्पिया माने गुमनाणी'

अवधि तक मानसिंह को जालोर के किले के घेरे मे रहना पडा और इस दौरान मे उन्हें अनेक कष्ट सहन करने पडे । उनके कई जागीरदार इस समय उनका साथ छोड कर चले गये, पर आहोर ठाकुर जैसे कई स्वामिभक्त सरदार उनकी ओर बने रहे और उनका उत्साह बनाये रखा । इस समय का एक दोहा बहुत प्रसिद्ध है—

सिर तूटे घड लडथडे, कटे बखतरो कोर ।
बोटी बोटी कट पड़ै, जद छूटे जाळोर ।।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि मानसिंह को कविता का बहुत शौक था और वे स्वय भी अच्छी कविता करते थे अतः कहते हैं कि उस समय विकट परिस्थिति मे भी १७ चारण कवि उनके वहा मौजूद रहे । इस सम्बन्ध मे चारण समाज मे एक दोहा प्रचलित है—

ठौड ठौड त्रबक त्रहत्रहिया, भड थहिया के छोड भव ।
वाली लाज तजै के बहिया, सतरै तद रहिया सुकव ।।

रसद की कमी, इन्द्रराजसिंघवी का विशेष दबाव, साथियो की निरतर होती हुई कमी के कारण जब गढ छोडने के अलावा कोई चारा मानसिंह के पास नही रहा और वे गढ छोडने का विचार कर रहे थे उस समय आयस देवनाथ जो जलंधरनाथ की सेवा करता था के कहने से ही वे गढ मे कुछ दिन और रुके रहे और इतने मे महाराजा भीमसिंह की अचानक मृत्यु हो गई । बदलती हुई परिस्थितियो मे इन्द्रराज सिंघवी तथा गगाराम ने अविलम्ब परिस्थितियो को समझकर मानसिंह को ही जोधपुर की गद्दी पर बैठाने का विचार कर लिया और उसके लिये मानसिंह तैयार भी हो गये ।[1] इस अचानक उलट-फेर के कारण जहा मारवाड की राजनीति मे बडा परिवर्तन हुआ वहा अनेक राजवर्गीय अधिकारियो और जागीरदारो के भाग्य ने भी पलटा खाया तथा राज्य मे पुराने अधिकारियो की जगह अनेक नये अधिकारियो की नियुक्ति की गई ।

भीमसिंह की देरावर रानी के पुत्र उत्पन्न होने की अफवाह और सवाईसिंह का उसका पक्ष लेना—

मानसिंह जब गद्दी पर बैठे थे तो उन्होने सवाईसिंह से यह वादा किया था कि यदि भीमसिंह की रानी देरावर जी जो कि गर्भवती हैं उसके पुत्र पैदा

1 ख्यात पृ. 5

हो गया तो वे राजगद्दी उसे सौंप देंगे और वे स्वय पुनः जालोर चले जायेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से चौपासनी ग्राम मे गुसाईं जी विट्ठलदास जी के सरक्षण में रानी को रखा गया था और बाद मे उन्हे तलहटी के महलो मे रखा गया। वही पर देरावर रानी के पुत्र होने की खबर फैलाई गई और फिर रानी को खेतडी पहुँचा दिया गया।[1] इसके उपरात सवाईसिंह नवजात कुंवर धौंकलसिंह का पक्ष लेकर मानसिंह को अपदस्थ करने के लिए प्रयत्नशील हो गया और उसका यह प्रयन्न तब तक चलता रहा जब तक मानसिंह ने उसका सफाया मीरखा के हाथो नही करवा दिया।

उदयपुर की राजकुमारी कृष्णाकुमारी के साथ विवाह के प्रश्न को लेकर झगड़ा—

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि सवाईसिंह धौंकलसिंह का पक्ष लेकर मानसिंह को अपदस्थ करने का अवसर ढूढने लगा था, इस सम्बन्ध मे उसने एक घटना का सहारा लिया। जोधपुर के महाराजा भीमसिंह की सगाई उदयपुर के महाराणा भीमसिंह की लडकी कृष्णा कुमारी के साथ हुई थी, किन्तु महाराजा भीमसिंह की अचानक मृत्यु हो जाने से उनकी शादी नही हो सकी। तब उदयपुर वालो ने कृष्णा कुमारी का टीका जयपुर के राजा जगतसिंह को भेजने का निश्चय किया। इस पर सवाई-सिंह ने मानसिंह को उकसाया कि राठौडो की माग आपके रहते हुए कछवाहों को कैसे दी जा सकती है। परम्परागत विचारो के वशीभूत मानसिंह ने इस पर राजनैतिक गहराई से विचार नही किया और कृष्णाकुमारी से स्वय विवाह करने को तैयार हो गया। मानसिंह ने अपनी फौज सहित कूच कर दिया और सिरोही और शेखावाटी मे जो फौजें गई थी उनको भी अपने साथ होने के लिए सूचना भेजी। जसवतराव होल्कर को इस आशय का पत्र लिखा की मेवाड़ वाले कृष्णा कुमारी का टीका जयपुर ले जा रहे थे उसे सिंघवी इन्द्रराज ने बलात् लौट जाने को मजबूर किया, इससे युद्ध की परिस्थिति बन गई है सो वह सहायतार्थ ससैन्य आवे। सिंघवी इन्द्रराज ने इस प्रश्न से होने वाली हानि को समझ लिया था अत उसने जयपुर के दीवान रायचद से मिलकर उस समय उस परिस्थिति को शात कर दिया और यह तय हुआ कि दोनो ही राजा कृष्णा कुमारी से शादी नही करेगे और मेल-मिलाप कर उन्होने परस्पर यह निश्चय किया कि महाराजा जगतसिंह की बहिन की शादी मानसिंह से की जायेगी और मानसिंह की लडकी की शादी जगतसिंह से की जायेगी तथा इस आशय के टीके भी भेज दिये गये, परन्तु सवाईसिंह कब शांत रहने वाला था उसने जगतसिंह को पुन उकसाया कि उदयपुर से आपके जो टीका आ रहा था

---

1 ख्यात पृ 9, 21

उसे मानसिंह ने जिस प्रकार जवरन लौटाने को मजबूर किया इससे दुनिया मे आपकी बहुत हल्की लगी है। इस पर जगतसिंह पुन शादी के लिए तैयार हो गया। । मानसिंह को जब यह समाचार मिला तो उसने भी उदयपुर की ओर प्रस्थान करने की तैयारी की। सवाईसिंह के प्रयासो से बीकानेर का राजा सूरतसिंह भी जगतसिंह की ओर मिल गया। मीरखा और मानसिंह के बीच पहले मित्रता थी, परन्तु सवाईसिंह ने उसे भी अपनी ओर मिला लिया। इस प्रकार एक लाख के करीब फौज जयपुर वालो के साथ थी और मारोठ मे डेरे लिये। इसके अलावा सवाईसिंह ने जगतसिंह को आश्वासन दिया था कि जो अन्य कई राठौड सरदार मानसिंह के साथ हैं वे भी युद्ध के समय अपनी ओर आ जायेंगे। जगतसिंह आदि तो मरोठ मे ठहरे रहे और सवाईसिंह फौज लेकर गीगोली की ओर आया जहा मानसिंह की फौज भी युद्ध मे प्रविष्ट होने के लिये तैयार हुई। महाराजा स्वय भी घोडे पर सवार हुआ, पर इसी समय हरसोलाव ठाकुर जालमसिंह तथा रास ठाकुर जवानसिंह ने यह कहकर मानसिंह को रोकना चाहा कि जयपुर वालो की सख्या अधिक है और हम उनका मुकाबला नही कर सकेंगे। फिर भी मानसिंह माना नही और जब तोपे छूटने लगी तो उसने देखा कि ठाकुर जालमसिंह अपने १५०० घुडसवारो सहित जयपुर की सेना मे मिलने को जा रहा है और मेडतिया महेशदान तथा गौडाटी के जागीरदार भी उससे जा मिले हैं तब आउवा, आसोप, नीबाज, कुचामन खेजडला आदि खेरख्वाह ठाकुर उनके साथ थे, उनके बहुत समझाने बुझाने पर महाराजा मानसिंह ने युद्ध से पलायन करना ही उचित समझा और जैसे तैसे, जोधपुर का दुर्ग पकडा ।

परन्तु इतने से ही सवाईसिंह पीछा छोडने वाला नही था उसका उद्देश्य तो धौंकलसिंह को जोधपुर की गद्दी दिलाना था अतः वह जयपुर तथा बीकानेर के राजाओ को फौज सहित जोधपुर ले आया और जोधपुर शहर के घेरा डाल दिया और जगतसिंह से कहा कि धौंकलसिंह को जोधपुर की गद्दी पर बैठाने के बाद आपकी शादी उदयपुर करना देंगे, पहले यह काम आवश्यक है। जोधपुर शहर का घेरा डाल देने से जोधपुर शहर की जनता को बडा कष्ट सहना पडा और मानसिंह भी बडी अनिश्चित परिस्थितियो मे घिर गया, पर मानसिह ने आत्मविश्वास नही खोया और उसे यह युक्ति सूझी कि मैंने लोगो के कहने से इद्रराज तथा गगाराम जैसे योग्य व्यक्तियो को कैद मे डाल रखा है वे इस समय वड़ी कारगुजारी कर सकते हैं। अतः मानसिंह ने ससम्मान उनको कैद से बाहर निकाला और इस परिस्थिति से निपटने के लिये आग्रह किया। इद्रराज ने पहले सवाईसिंह से बात करना उचित समझा कि शायद यह मामला बात-चीत करने से सुलझ जाय लेकिन सवाईसिंह ने उससे कहा कि "रिणमना रा थापिया रा राजा हुवै महाजना रा थापिया राजा हुवै नही।" स्थिति सुलझती

हुई नही देख कर उनके परामर्श पर शहर तो जयपुर वालो को सौंप दिया, परन्तु मानसिंह किले में ससैन्य रहे। इस समय पंचोळी गोपालदास ने अपनी सूझबूझ से शहर को लूटने से बचा लिया और वह शहर मे से रुपये इकट्ठे करके जयपुर की फौज को देता रहा। इन्द्रराज कुचामन, आउवा, आसोप आदि ठाकुरों के घोड़े लेकर नींबाज की तरफ गया और मीरखा को लालच देकर उससे साठगाठ की तथा उसकी सहायता से जयपुर की तरफ कूच किया तथा जयपुर के बक्सी शिवलाल को फागी नामक स्थान पर परास्त किया। तत्पश्चात् मीरखा तथा ठाकुर शिवनाथसिंह घुघरोट को लूटते हुए जयपुर पहुँच गये। ऐसी स्थिति देखकर जगतसिंह बडा चिंतित हुआ और सवत् १८६४ मे जोधपुर का घेरा उठाकर वह जयपुर की ओर कूच कर गया। बीकानेर का सूरतसिंह भी बीकानेर की ओर कूच कर गया और मानसिंह ने चैन की सास ली। घेरा उठ जाने के कारण बडी खुशीया मनाई गई। मीरखा तथा इन्द्रराज का महाराज ने बड़ा सम्मान किया। और जिन लोगो ने स्वामिधर्म निभाया उन्हें भी लाभान्वित किया गया।[1] इन्द्रराज को दीवान का पद सौंप दिया गया और मानसिंह ने उसकी प्रशसा मे एक दोहा कहा जो बहुत प्रसिद्ध है—

पडता घेरो जोधपुर, आता दळा असंभ।
आभ डिगता ई दड़ा, थे दीधौ भुजथभ॥

अपने सेवक के लिये ऐसे महत्वपूर्ण शब्दो मे शायद ही किसी शासक ने ऐसे उद्गार व्यक्त किये हो।

उक्त घटना से जहा उस समय की परम्परागत मान्यताओ और राजनीतिक हलचलो का पता लगता है वहा जागीरदारो की अनिश्चित मनोदशा और राजस्थान के राजाओ की अदूरदर्शिता के उदाहरण भी सामने आते हैं तथा मरहठो की शक्ति किस प्रकार यहा की राजनीति मे दखल देकर धन बटोरती थी उसके प्रमाण भी सामने आते हैं। यहा यह भी उल्लेखनीय हे कि राज्य के खजाने मे इतना जमा धन नही होता था कि वह उन्हे दिया जा सकता। ऐसी स्थिति मे यह धन जनता मे ही वसूल किया जाता था और धनवान आसामियो को तग किया जाता था। कई गावो से दड स्वरूप भी रुपये वसूल किये जाते थे। ऐसे अवसर पर मुत्सद्दी लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे उनकी सूझबूझ वटी कारगुजार होती थी।

---

1 ख्यात पृ 40-72

मीरखां द्वारा सवाईसिंह का मारा जाना—

अब मानसिंह की स्थिति काफी सुदृढ हो गई थी फिर भी वह भली-भांति जानता था कि सवाईसिंह जैसे शक्तिशाली कूटनीतिज्ञ दुश्मन के रहते वह निश्चित होकर राज्य नहीं कर सकेगा। अत उसने मीरखां को पूर्ण विश्वास मे लेकर उसे कहा कि जैसे भी हो इस व्यक्ति का सफाया करना बहुत जरूरी है। मीरखा ने इसके लिये महाराजा को आश्वासन दिया और उसने महाराजा से बनावटी मनमुटाव का स्वांग जाहिर करने के लिये मारवाड के कई गाव लूटे तथा सवत् १८६४ मे फौज खर्ची के लिये भारी तकाजा किया। उस समय सवाईसिंह धौकलसिंह को नागोर का अधिकारी बनाकर वही रहता था. उसने जब उपर्युक्त घटना सुनी तो उसने मीरखा को अपनी ओर मिलाने का यह ठीक अवसर समझकर उससे कहलवाया कि खर्ची हम देंगे, तुम मानसिंह को अपदस्थ करने मे हमारी मदद करो। मीरखा ने ऐसा करने का वादा किया पर इससे पहले उसने सवाईसिंह से मिलने की इच्छा व्यक्त की और वे नागोर तारकीनजी की दरगाह मे मिले और धर्म कर्म ओढ कर सहायता करने का वादा किया साथ ही उसने सवाईसिंह को निमन्त्रण दिया कि वह मूडवे आवे जहा उसकी महमानी की जायेगी तथा इस प्रकार बात और पक्की करली जायेगी।

इस पूर्व निश्चित कार्यक्रम के अनुसार दो हजार व्यक्तियो सहित सवाईसिंह मीरखा के यहा मूंडवा पहुंचा और जब ये लोग एक बडे शामियाने के नीचे बैठकर मीरखा की फौज के लिये खर्ची देने बाबत उसके लोगो से बात-चीत कर रहे थे उस समय मीरखां वहां से
इशारा पाते ही चारो तरफ खडे लोगो ने
उधर तोपे छोडी गई जिससे लोग उसके नी
बाकी के इधर उधर भाग गये। इनमे
गया और उसने सवाईसिंह तथा तीन अन्य
ऊट पर जोधपुर भिजवाये। महाराजा इन
उनके सिरो से सिरे बाजार गेंद खेलने का
इसे अनुचित बताकर ऐसा करने से रोक दि
कि उस समय किस प्रकार के षड्यत्र चला
हीन व्यक्ति का सहयोग लेने के लिये राजा
कर लिया करते थे। सवाईसिंह बडा जबर्द

---

1 ख्यात 75-78

गलत चाल मे आ जाने से ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति का जीवन यों ही समाप्त हो गया। इसकी महत्ता को प्रकट करने वाला एक दोहा इस प्रकार है—

मुरधर होगी मोडली, धर पर पडती धीग।
सरगा लोगो सेहरो, सेर सवाईसींग ॥

अखैचंद और इन्द्रराज के बीच द्वेष के कारण राजनीति में बदलाव—

मुहता अखैचन्द और सिंघवी इन्द्रराज दोनो बराबरी के व्यक्ति थे। अत: सिंघवी इन्द्रराज के पास दीवान का पद और महाराजा की मरजी देखकर अखैचन्द बहुत जलता था और कोई चारा न देखकर वह महाराजा के गुरु देवनाथ जी के शरण मे रहने लगा तथा वही से राजनैतिक चाले चलने लगा। इन्द्रराज सिंघवी जो कि बहुत अच्छा कार्यकर्त्ता था अपने काम मे किसी प्रकार का हस्तक्षेप नही चाहता था अत: उसने महाराजा से अर्ज की कि अखैचन्द वगेरह कार्य बिगाड़ने की नियत से हस्तक्षेप करते हैं, आपका जैसा आदेश हो वैसा किया जाय। इस पर महाराजा ने स्पष्ट कर दिया कि तुम्हारे कार्य मे अन्य कोई हस्तक्षेप नही कर सकेगा और सारा कार्य मेरे आदेशो से ही चलेगा। इधर पिंडारी मेमदखा और मीरखा क्रमशः उनालू एव सावणू फसल पर गाव लूटते हुए खर्ची प्राप्त करने के लिये हर साल आ जाया करते थे। सवत् १८७२ मे जब मीरखा खर्ची के लिए आया और उसे एकाएक रुपये नही दिये जा सके तब अखैचन्द ने यह ठीक अवसर देख कर मीरखा के कान भरे कि इन्द्रराज और देवनाथजी ही राज्य का कार्य देखते हैं और वे रुपया देने मे आगा पीछा करते हैं, इसमे महाराजा की तरफ से कोई रुकावट नही है, अत. आप दोनो का सफाया करें तो हमेशा के लिये यह काटे दूर हो जावें। मीरखां के यह बात जंच गई और उसने अपने २७ चुने हुए झगडालू सिपाहियो को आवश्यक निर्देश देकर किले पर भेजा। उन्होने इन्द्रराज व देवनाथ (जो ख्वाबगाह के महल मे बैठे हुए थे) का काम तमाम कर दिया। मानसिंह इस घटना पर बडे कुपित हुये और उन्होंने आज्ञा दी कि इन पठानो को जीवित नही जाने दिया जाय, परन्तु मीरखा जो फौज लिये खडा था उसने धमको दी कि अगर पठानो को मारा गया तो वह शहर लूट लेगा।

इन दोनो लोगो के मरते ही अखैचन्द की पूछ हो गई तथा उसने राजाराम और श्रीकिसन के साथ मिलकर मीरखां को खर्ची के रुपये देने का वादा किया। अब राजकाज मुहता अखैचन्द को सौंपा गया, और वह दीवान बना। लेकिन जब महाराजा को यह मालूम हुआ कि इंद्रराज एव देवनाथ को मरवाने का षड्यत्र अखैचन्द का ही था

तो वे उससे नाराज़ रहने लगे। ऐसी परिस्थिति देख कर गुलराज सिंघवी ने अर्ज करवाई कि इन्द्रराज वगैरह आपके आदेश से मारे गये हों तो मुझे कुछ नही कहना है और यदि यह कार्य अखैचद ने करवाया है तो मैं उसे दण्डित करने मे सक्षम हूँ। महाराजा का इशारा पाकर वह दो हजार घोडो सहित जोधपुर पहुचा और दूसरे दिन गढ मे हाजिर हुआ तो महाराजा ने राज्य-कार्य उसे सौप दिया। गुलराज और फतैराज राज्य का कार्य करने लगे। अखैचन्द भयभीत होकर आत्मारामजी की समाधी में जा छिपा। अब उसने भीमनाथजी से मेल-मिलाप बढाया तथा इधर राजकुमार छत्रसिंह की माता चावंडी रानी से यह कहलवाया कि देवनाथजी की इस प्रकार मृत्यु हो जाने पर महाराजा का मन राज्य-कार्य से विरक्त हो गया है। अतः यदि आप सहायता करें तो छत्रसिंह को युवराज पदवी दिलवाकर राज्य-कार्य उन्हें सौंपा जा सकता है और श्री हुजूर तो मालिक हैं ही सो वे महलों में आराम करते रहेगे। इस व्यवस्था के हामी कई चाकर भी अखैचंद के कहने मे आ गये थे। महाराजा की इच्छा न होते हुए भी उनके गुरु भीमनाथजी के कहने पर उन्होने छत्रसिह को युवराज पदवी देने की स्वीकृति प्रदान करदी, परन्तु वे मन ही मन बड़े दुखी हुए। यह परिवर्तन होते ही अखैचद ने जब गुलराज किले मे आया तो उसकी हत्या करवा दी।[1]

इन घटनाओ के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि उस समय राजवर्गीय लोग राजकोय सत्ता की लोलुपता मे कितने विकल हो जाते थे और इसमे राजा की अकर्मण्यता के कारण राज्य-व्यवस्था एक खेल बन कर रह जाती थी। और तो और राजघराने के जिम्मेदार लोग भी इस नाटक के पात्र बनकर रह जाते थे।

छत्रसिह की युवराज पदवी एवं राज्य-व्यवस्था में भारी परिवर्तन—

युवराज छत्रसिंह अनुभवहीन एव अपरिपक्व युवक था और सदा मनचले लोगो से घिरा रहता था महाराज की उदासीनता के कारण उसे मनमानी करने का खुला अवसर मिल गया अत: वह राज्य-कार्य मे अधिक रुचि न लेकर मदिरा-पान तथा वैश्याओ मे रुचि रखने लगा। अधिकांश समय खेल तमाशो और आमोद प्रमोद मे व्यतीत करने लगा जिससे कई लोग दुखी रहने लगे और कई व्यक्ति उससे अनुचित लाभ भी उठा रहे थे। जोशी शम्भुदत्त ने जो स्वामिभक्त और समझदार व्यक्ति था, महाराज कुमार को शिक्षा देने की कोशिश की पर उसका परिणाम उल्टा निकला और वह दण्डित हुआ। इसी बीच ठीक

1 ख्यात पृ. 99-110

अवसर देखकर ईस्ट इण्डिया कम्पनी सरकार ने एक समझौते के अहदनामे पर व्यास विसनराम, अभैराम केमार्फत छत्रसिह को स्वीकृति प्राप्त करली। इस अहदनामे की १० कलमे थी।

राजनीतिक उलटफेर के अलावा एक वात और हुई, महाराजा जहां नाथो के अनन्य भक्त थे वहाँ छत्रसिह ने वैष्णव धर्म मे अपनी आस्था प्रकट की जिससे नाथो का दवदवा कम हो गया। अपने वदचलन के कारण अशक्त होकर सवत् १८७४ मे छत्रसिह का देहान्त हो गया। मानसिह को गद्दी के प्रति उदासीनता अभी वैसी ही वनी हुई थी। अतः स्वार्थी लोगो ने किसी तरह छत्रसिह की मृत्यु को गोपनीय रखकर किसी दूसरे व्यक्ति को गद्दी पर वैठाने का विचार किया, पर ऐसा सभव नही हो सका। ईडर से किसी को गोद लाने की युक्ति भी पार नही पड़ी। रानियो के प्रयत्न करने पर भी महाराजा ने अपनी उदासीनता नही तोड़ी और न ही उनका अविश्वास दूर हुआ।[1]

उपर्युक्त घटनाए जहां वडा कारुणिक प्रसग प्रस्तुत करती हैं वही राज्य-कर्मचारियो की पदलोलुपता का हृदयहीन चित्र भी सामने आता है, यहा तक कि निर्दोष लोग भी इस वहाव मे वह जाते हैं। इन परिस्थितियो मे सामान्य प्रजा-जन की क्या हालत रही होगी यह भी कल्पनाजन्य अनुभूति का विषय है।

अग्रेजों के प्रतिनिधि वरकतअली के आश्वासन पर उदासीनता छोड़ कर महाराज का पुन राज्यकार्य सम्भालना—

पहले पहल जव वरकत अली महाराजा से मिला तो महाराजा ने उससे कोई वात नही की क्यो कि उसके साथ कई सरदार भी थे। परन्तु, दूसरे दिन जव वह अकेला महाराजा से मिला तो उस वातावरण के पीछे जो भी राजनैतिक गतिविधियाँ थी उन पर खुल कर महाराज ने चर्चा की। इस पर वरकतअली ने आश्वासन दिया कि वे राज्य-कार्य सभालें, कम्पनी सरकार उनकी पूरी मदद करेगी और षड्यत्रकारियो को सजा देने मे उनकी सहायक रहेगी। तव महाराजा ने राजकीय वस्त्र धारण कर पुन राज्य-कार्य सभाला। राज्य-कार्य अव भी अखैचन्द ही करता था और पोकरन ठाकुर सालमसिह प्रधान था। महाराजा ने प्रारम्भ मे सवके साथ अच्छा व्यवहार किया और सामान्य तौर से राज्य-कार्य चलने लगा। एक वार जव अखैचन्द मडोर से लौट रहा था तव जिनसी लोगो ने खर्ची का तकाजा कर अखैचन्द को घेर लिया और इधर

---

1 ख्यात पृ 111-122

किले में अनेक राज-कर्मचारियों को कैद करने का हुक्म हुआ जो षड्यन्त्र मे अखैचन्द और छत्रसिह के साथ थे। अनेक लोगो को जहर के प्याले दिये गये और कई लोगो को मोत के घाट उतार दिया गया, जिनमे मुहता अखैचन्द भी शामिल था, यद्यपि उसने कहा कि मुझे जीवन-दान देदो तो मैं २५ लाख रुपये दे दू गा। बिहारीदास खीची जो भाग कर खेजडला ठाकुर की शरण मे चला गया था का भी पीछा किया गया और उस झगडे मे भाटी शक्तिदान घायल हुआ। उधर नीबाज ठाकुर सुरताणसिह की हवेली पर फौज भेजी गई तथा सुरताणसिह लडकर काम आया। सुरताण की मृत्यु का समाचार सुन कर पोकरन व आसोप ठाकुर भी जोधपुर का परित्याग कर चले गये। रोईट का पट्टा भी खालसा कर दिया गया। सवत् १८८५ मे मुहता अखैचन्द का घर भी लूटा गया और वहा से रु १२९००० प्राप्त किये गये। नीबाज आदि कई ठिकानो पर भी फौज भेजी गई। इस प्रकार जिन कर्मचारियो को मरवाया गया उनकी जगह नई नियुक्तिया की गई और उन सब लोगो से बदला लिया गया जो छत्रसिह को युवराज बनाने के पक्ष मे थे या युवराज बनने के बाद जिनका व्यवहार मानसिह की दृष्टि मे अच्छा नही था।[1]

इस प्रकार हम देखते हैं कि मानसिह के घराने का मुत्सद्दियो के दाव-पेच और नाथो के अनुचित हस्तक्षेप के कारण विघटन हो गया था तथा उसके एकाएक राजकुमार की भी बडी दुखद मृत्यु हुई। इस उलटफेर मे जहा अनेक राज्य-कर्मचारियो की असलियत सामने आई वहा अखैचद तीसरे दीवान थे जो कि मारे गये। इस प्रसग मे एक कवि का कहा हुआ दोहा आज भी प्रचलित है—

अखा मत कर ओरतो, जीती गयो न कोय।
ई दो तो इद्रपोळी उतरै, (अर) गुलो गड़ो मे जाय॥

इसके बाद राजकीय पदो मे फिर से परिवर्तन किया गया और मुख्य पदों पर महाराजा ने अपने विश्वासपात्र व्यक्तियों को नियुक्त किया। दीवान का पद अब फतैराज सिंघवी को दिया गया। मानसिह ने कुपित होकर आउवा, आसोप, नीबाज आदि ठिकाने जब्त कर लिये थे। उन ठाकुरो ने अजमेर जाकर पोलिटिकल एजेन्ट से अपने ठिकाने बहाल कराने का उज्र पेश किया जिसकी पैरवी काफी समय तक चली और यह ठिकाने बहाल कर दिये गये।

इधर राज्य-कार्य मे नाथो का दखल फिर से बढने लगा और

---

1. ख्यात पृ- 122-139

लाडूनाथजी की आज्ञा से कई राज्य-कार्य होने लगे। लाडूनाथ जब संवत् १८८५ मे गिरनार की यात्रा पर गये तब लौटते समय उनकी मृत्यु हो गई। इसी दौरान जोशी शंभुदत्त पर महाराजा की विशेष कृपा रही, इसने कई महत्वपूर्ण काव्य बनाकर महाराजा का सम्मान भी प्राप्त किया।

महाराजा मानसिंह पर अंग्रेजों की काफी रकम चढ़ गई थी और इधर उसने नागपुर के शासक को भी शरण दी थी इसका जवाब भी मानसिंह से तलब किया गया।[1] इसी समय संवत् १८८८ मे अजमेर स्थित पोलीटिकल एजेन्ट ने राजस्थान के सभी राजाओं का दरबार बुलाया जिसमें उदयपुर, भरतपुर, टोंक, कोटा के शासक शामिल हुए पर मानसिंह उसमे नहीं गया।

सवत् १८९१ मे मालाणी के जमीदारों एवं भोमियों ने गुजरात आदि क्षेत्रो मे लूटपाट प्रारम्भ करदी थी तब अंग्रेजी सरकार के आदेशानुसार लाडनू ठाकुर और जालोर के हाकिम आदि को इन्हें दबाने के लिये भेजा और अंत में बाडमेर मे इन बाकी लोगो को पकड़ कर कैद कर लिया गया।[2]

संवत् १८९२ में महामारी का बड़ा प्रकोप हुआ जिसमें हजारो व्यक्ति मारे गये और इस समय गेहु १ रु० का २० सेर बिकने लगा।[3] महाराजा ने जब अग्रेजों की बकाया राशि नही दी तो उन्होने उसके एवज मे सांभर और नांवा आदि के जरीबे जब्त कर लिये।[4] इसी दौरान साथीण ठाकुर शक्तिदान की अध्यक्षता मे पोकरण आउवा, रास, नींवाज आदि अनेक ठाकुर अजमेर पहुंचे और सदरलैण्ड से मिले तथा उससे अनुरोध किया कि हमारी जागीरें पुन दिलावें और नाथो का उपद्रव बढ़ रहा है, अतः महाराजा को समझावें वरना इससे मारवाड को हानि होगी। इस पर सदरलैण्ड व कैप्टीन लडलो जोधपुर पहुंचे।

जब मानसिंह ने उनसे मुलाकात की तो इन सरदारो के ठिकाने बहाल करवा दिये गये, परन्तु जब सदरलैण्ड ने नाथो का हस्तक्षेप राज्य से हटा देने की बात की तो मानसिंह ने ध्यान नही दिया इस पर वे अजमेर के लिये प्रस्थान कर गये। महाराजा का वकील राव रिखमल साहब को मनाने गया परन्तु उसने कोई गौर नही किया। इसी दौरान अग्रेजों की सहायता से आसोप का घेराव भी उठा दिया गया और स्थिति की नाजुकता को देखते हुए महाराजा ने चढी हुई रकम के पेटे अनेक स्वर्ण-आभूषण आदि अजमेर भेजे।[5]

---

1 ख्यात पृ 152 2 ख्यात पृ. 159 3 ख्यात पृ 162 ख्यात पृ 162
5 ख्यात पृ. 164-168

महाराजा मानसिंह अपने राज्य से नाथो का हस्तक्षेप बन्द नही करना चाहते थे और अंग्रेजी सरकार के आदेशो की अवहेलना बराबर करते रहते थे जिसके फलस्वरूप सदरलैण्ड ने जोधपुर पर चढाई हेतु वहा स्थित जागीरदारो से सलाह की। तब सभी जागीरदारो ने सहयोग देने का आश्वासन दिया, परन्तु भाटी शक्तिदान ने साहब से कहा कि हम आपकी चढाई मे तो साथ देगे, किन्तु जो भी असली राजपूत होगा वह महाराजा की निजी सुरक्षा का अवश्य ख्याल रखेगा। इसके बाद ही सवत् १८९६ मे भाटी शक्तिदान का वही देहान्त हो गया।

इसके उपरान्त राजस्थान के सभी रजवाडो को अजमेर से सूचना दी गई कि महाराजा मानसिंह अहदनामे के अनुसार बरताव नही करता है, और न चढी-हुई रकम का भुगतान ही करता है, ऐसी स्थिति मे हम उस पर चढाई करेगे और जनता को भी आश्वस्त किया गया कि चढाई के समय उनको अनावश्यक रूप से परेशान नही किया जायेगा। अंग्रेजो की फौज जब चढ कर बनाड तक आई तो मानसिंह स्वयं अपने वकील एव मुत्सद्दियो सहित सामने गया और सूचना भिजवाई कि उनका वकील सदरलैण्ड से मिलना चाहता है। इसके उपरान्त सदरलैण्ड से महाराज की भेट हुई। उन्होने कहा कि उनका इरादा अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध लडाई करने का नही है और जैसा वे लोग चाहें बदोबस्त के बारे मे सब बाते मान्य होगी। इस पर वातावरण शात हो गया और महाराजा ने किला खाली करके अंग्रेजो को सौंप दिया। अंग्रेजों की स्वीकृति से केवल १०० कर्मचारी महाराजा के पास रहे। इसके बाद अंग्रेजो और मानसिंह के बीच पुन कौलनामे की लिखावट हुई।[1]

अब राज्य की व्यवस्था मे अंग्रेजो का वर्चस्व बढ गया था अतः जागीरदारो के पट्टो के बारे मे जो भी असतोष था उस पर गौर किया गया और पट्टो मे आवश्यक दुरस्ती की गई तथा राज्य की आमदनी व खर्च की सही जानकारी भी राज्य के रेकार्ड से पोलीटिकल ऐजेण्ट ने प्राप्त की। साथ ही जिन सिपाही लोगो की नौकरी की रकम चढी हुई थी उसका हिसाब भी मागा गया। जब कर्नल सदरलैण्ड वहा की व्यवस्था से सतुष्ट हुआ तब वह अजमेर लौट गया तथा वहा से जब वह कलकत्ता गया तब उसने महाराजा को किला वापस सौंपने का हुक्म भिजवा दिया, जिसके फलस्वरूप किला महाराजा को मिल गया और अंग्रेजी हुकूमत का दफ्तर सूरसागर मे लगने लगा।[2]

यद्यपि अंग्रेजो के हस्तक्षेप से जागीरदार सतुष्ट हो गये थे और राज्य-कार्य भी व्यवस्थित ढंग से चलने लगा था लेकिन नाथो का दखल अब

---

1. ख्यात पृ 169-185 2 ख्यात पृ 186-213

भी बना हुआ था। कप्तान लडलो ने नाथो के प्रति कड़ा रुख अपनाया और उनके पास जो बधारे मे जागीरें थी वे जब्त करली गईं। इसी दौरान पोलिटिकल एजेण्ट का भी पत्र आया कि नाथो का दखल राज्य-कार्य मे समाप्त किया जाय और नाथो के पास केवल ३ लाख रु. की जागीर रहने दी जाय। व्यवस्था सुधारने की दृष्टि से केपटिन लडलो ने कई नाथो को कैद किया और दो नाथो को अजमेर भेज दिया।

जब मानसिंह ने अपना वर्चस्व समाप्त होते देखा और नाथों की यह गति होती देखी तो उन्हें बडी ठेस लगी और वह खिन्न-चित्त होकर राज्य-कार्य से उदासीन हो गये। उन्होने योगियो की तरह भगवा वस्त्र धारण कर लिये और गिरनार जाने का विचार किया तथा जोधपुर के निकट पाल ग्राम मे डेरा किया। इस पर पोलिटिकल एजेण्ट पाल मे महाराजा से मिला और उन्हें समझाया कि वे जोधपुर नही छोडें वरना उनकी मृत्यु के बाद उनका उत्तराधिकारी धोकलसिंह हो सकता है, जिसे मानसिंह बिल्कुल नहीं चाहते थे। इस पर मानसिंह पाल से पुन: राईकाबाग आ गये और एजेण्ट के सामने अपने पश्चात् अहमदनगर से तखतसिंह को लाकर गद्दीनशीन करने की इच्छा प्रकट की। पोलिटिकल ऐजेण्ट ने उन्हें आश्वस्त किया कि यह सब उनकी इच्छा के अनुसार कर दिया जायेगा। इसके पश्चात् महाराजा वहां से मडोर आ गये और सवत् १९०० भादवा सुद ११ को वही उनका देहान्त हो गया।

महाराजा के पीछे महारानी देवड़ीजी तथा कई पड़दायतें आदि सतिया हुई। इसके पश्चात् पोलिटिकल एजेण्ट तथा रानियो की इच्छा के अनुसार तखतसिंह को खलीते एव पत्र लिखे गये और तखतसिंह को अहमदनगर से लाकर सवत् १९०० मिगसर सुदि १० को जोधपुर के राज्य का राजतिलक दिया गया। इसी समय धोकलसिंह ने भी राजगद्दी के लिये अंग्रेजी सरकार के पास अपना दावा पेश किया, परन्तु उसका दावा निरस्त कर दिया गया और तखतसिंह ही जोधपुर की गद्दी पर बैठा।[1]

इन सब घटनाओ से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि मानसिंह का काल शाति का काल नही रहा और उस समय आर्थिक और राजनैतिक संकट भी बराबर बना रहा। जागीरदार भी सतुष्ट नही थे। इन सब परिस्थितियो का अंग्रेजो ने पूरा लाभ उठाया और उनका प्रभाव राज्य-कार्य मे बराबर बढता रहा। अंग्रेजो द्वारा नाथों का प्रभुत्व कम करने का प्रयास और कानूनी व्यवस्था कायम करने की ओर ध्यान देने के कारण उन्होने जागीरदारो व जनता का भी विश्वास अर्जित किया।

---

2. ख्यात पृ 214-239.

उपर्युक्त घटनाओ से यह भी प्रतीत होता है कि राज्य-व्यवस्था मे जो गिरावट आई उसका मुख्य कारण नाथ, चारण व मुत्सद्दी लोग थे। मुत्सद्दियो को राजनैतिक परिस्थितियाँ बदलने पर दण्ड मिल जाता था, परन्तु चारण व पुरोहितों का अनुचित दखल बराबर बना रहता था और राज्य-कोष का बहुत सा द्रव्य उन पर खर्च होता रहता था जिससे जनता बडी परेशान थी। एक कवि ने अपने दोहे मे तत्कालीन परिस्थितियो पर जन-भावना के अनुकूल बडी ही मार्मिक टिप्पणी की है.-

चारण मरसी मुलक रा, पुरोहित पडसी पार।
निरवश जासी नाथडा, जद होसी निस्तार॥

जब हम मानसिह के व्यक्तित्व और उसकी कार्य-पद्धति पर इस ख्यात के आधार पर विचार करते हैं तो पता चलता है कि मानसिह विकट परि—स्थितियो मे बडा धैर्य रखने वाला, अपने व्यक्तित्व से लोगो को प्रभावित करने वाला और सकट की घडी मे साहस से काम लेने वाला व्यक्ति था। वह इति–हास, साहित्य तथा सगीत आदि ललित कलाओ का अच्छा जानकार था। कर्नल टॉड उससे मिला था और उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उसने यह सम्मति व्यक्त की थी —

"The biography of Man Singh would afford a remarkable picture of human patience, fortitude and constancy, never surpassed in any age or country I received the most Convincing proofs of his intelligence and minute knowledge of the past history, not of his own country alone, but of India in general He was remarkably well read, and at this and other visits he afforded me much instruction. He had copies made for me of the chief histories of his family, which are now deposited in the library of the Royal Asiatic Society"[1]

यह हम पहले कह आये है कि महाराजा कवियो का बडा कद्रदां था और उसने कवियो को खूब प्रोत्साहित एव सम्मानित किया जिसके फलस्वरूप राजस्थानी काव्य की उसके जीवन काल मे खूब श्रीवृद्धि हुई और परम्परागत काव्य-धाराएं एक बार चरम सीमा पर पहुँच गई। महाराजा स्वय अच्छा कवि था और वह पिंगल व राजस्थानी दोनो मे कविता करता था। उसके रचे हुए

---

1 Lieut Col James Tod· Annals and Antiquities of Rajasthan, Vol. I, P. 561-62, (1914 A. D)

ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं।[1] इसमें कोई सन्देह नहीं कि परम्परागत राजस्थानी शैली और रागरागिनियों में गीत लिखने में वह अपने समसामयिक कवियों में अन्य कवियों की तुलना में कई दृष्टियों से श्रेष्ठ कवि कहा जा सकता है।

मानसिंह के भजन एवं अनेक पद आज भी जन-जीवन में प्रचलित हैं और साखियों की तरह अनवरत गाए भी जाते हैं। उसने अपने इसी साहित्य प्रेम के फलस्वरूप संस्कृत, हिन्दी व डिंगल भाषाओं में ग्रंथों का महत्वपूर्ण संग्रह करवाया था जो 'पुस्तक प्रकाश' के नाम से प्रसिद्ध है।[2]

मानसिंह चित्रकला का भी बड़ा प्रेमी था। उसने ढोला मारू रा दूहा, पंचतन्त्र तथा शिवरहस्य, रामायण आदि के आधार पर अनेक चित्र बनवाये जिनका राजपूत शैली में बड़ा महत्व है। वह भवन-निर्माण-कला का भी प्रेमी था। उसने महामन्दिर तथा उदय मन्दिर में भव्य इमारतें बनवाईं और जोधपुर के किले मे जयपोल का निर्माण करवाया तथा कुछ महलों मे परिवर्तन भी किये।[3]

मानसिंह मुख्य रूप से कवि-हृदय था और उसका दृष्टिकोण धन सम्पदा को सदा कलाओं पर खर्च करने का रहा, जिससे वह राज्य के आर्थिक विकास मे योगदान नहीं दे सका। फिर भी राजस्थान के समसामयिक राजाओं मे उसका बडा प्रभाव था और अवसर आने पर वह [illegible] के सामने झुका नहीं। अपनी काव्य-कला से वह लोगो को प्रभावित करना भी खूब जानता था और इस कारण से ऐसी परिस्थितियो मे भी उसने जो मारवाड की जनता का सम्मान अर्जित किया वैसा यहा के बहुत कम शासक कर पाये।

महाराजा मानसिंह ने लगभग ४० वर्ष तक राज्य किया अतः करीब अर्धशताब्दी का वृतान्त इस ख्यात मे उपलब्ध होता है जो निश्चय ही उस काल को समझने मे एक प्रामाणिक आधारभूत सामग्री का काम देता है।

---

1. द्रष्टव्य—रसीले राज रा गीत, (परम्परा) सम्पादक डा नारायणसिह भाटी, राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी जोधपुर।

2 यह संग्रह अब जोधपुर महाराजा द्वारा किले मे सस्थापित 'महाराजा मानसिह पुस्तक प्रकाश" के रूप मे अवस्थित है और इसे एक व्यवस्थित शोध सस्थान का स्वरूप दे दिया है जिसमे ऐतिहासिक महत्व की अनेक बहिए व कागजात भी शामिल कर दिये गये है तथा महत्वपूर्ण ग्रंथो के प्रकाशन एव कैटलोगिग का कार्य भी चल रहा है।

3 द्रष्टव्य—मारवाड रा परगना री विगत, भाग 1, परिशिष्ट (कमठ री विगत) सम्पादक डा नारायणसिह भाटी, प्रकाशक-राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर।

इस ख्यात का सम्पादन हमनें तीन प्रतियो के आधार पर किया है जिनका परिचय निम्न प्रकार है :—

क रा शो स ग्रन्थाक १०६०६, पत्र स २१२, आकार ४० ६×२६ से मी
ख रा शो स ग्रन्थाक १०६१०, पत्र स १२७, आकार ६६ ५×२५ से मी (बही नुमा)
ग[1] रा प्रा वि प्र ग्रन्थाक २०१३०, पत्र स ५०४, आकार ५७×२१ से मी (बही नुमा)

उपर्युक्त प्रतियो मे से 'क' प्रति (सवत् १६३१) को आधार मानकर अन्य दो प्रतियो का उपयोग पाठान्तर के रूप मे किया गया है । ग्रन्थ मूलत साहित्यिक न होकर ऐतिहासिक है । अतः तथ्यगत पाठ-भेद भी ग्रहण किया गया है और यही सभव भी था क्योकि प्रत्येक ख्यात की लिखावट मे थोडा बहुत अन्तर तो लिपिकर्त्ता की असावधानी से भी आ जाता है या कही कही उसी बात को कहने मे शब्दो का उलटफेर कर दिया जाता है, पर तथ्य गत बात वही है जो मूल-प्रति मे है । अत पाठान्तर के लिये ही पाठान्तर ग्रहण करने की प्रणाली अपनाकर ग्रन्थ का अनावश्यक कलेवर बढाना समीचीन नही समझा गया । परन्तु, किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छोडा भी नही गया है । अन्य प्रतियो के अतिरिक्त तथ्यो के अव्यवस्थित वर्णन को कही कही सार रूप मे भी पाद टिप्पणी मे देना पडा है क्योकि वे तथ्य इस प्रकार अस्पष्ट व बिखरे हुए रूप मे थे कि उनको उसी रूप मे ग्रहण करना न सम्भव था न उपादेय ही, पर ऐसे स्थल गिने चुने ही है।

उपर्युक्त प्रतिया जिन सस्थानो से उपयोग हेतु मुझे उपलब्ध हुई उनका मे आभारी हू ।

इस ख्यात का सम्पादन-कार्य कई वर्ष पहले जब डा फतहसिह प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के निदेशक थे, उनके आग्रह पर हाथ मे लिया गया था । सम्पादन करने के पश्चात् भी अर्थाभाव के कारण प्रतिष्ठान की ओर से इसका प्रकाशन-कार्य प्रारम्भ नही किया जा सका । इस प्रकार एक लम्बी अवधि के बाद यह ग्रन्थ प्रकाश मे आया है और मुझे आशा है कि इस ग्रन्थ से न केवल इतिहास अपितु समाज शास्त्र, साहित्य एव अन्यान्य क्षेत्रो के शोधकर्त्ता भी लाभ उठा सकेंगे ।

इस ग्रन्थ के सम्पादन मे जहा अन्य प्रतियो के महत्वपूर्ण पाठभेद दिये गये हैं वहा आवश्यक शब्दार्थ भी लगा दिये गये हैं तथा परिशिष्ट मे उस समय के कुछ महत्व पूर्ण पत्र भी प्रकाशित कर दिये गये हैं जिससे इस ग्रन्थ के

1 इसमे आदिनारायण से महाराजा मानसिंह तक राठौड शासको का विस्तृत विवरण दिया गया है ।

समूचे महत्व को ग्रहण करने मे पाठकों को सुविधा होगी और इस राज्य की स्थानीय हलचलों को जानने हेतु यह सामग्री उपयोगी रहेगी। ये पत्र पोकरण हाउस जोधपुर के सौजन्य से प्राप्त हुए है, जिसके लिए हम पोकरण ठाकुर साहिब के अत्यत आभारी है ।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन मे प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के निदेशक श्री जितेन्द्र-कुमार जैन तथा उपनिदेशक डा पद्मधर पाठक का सहृदयता पूर्ण सहयोग मिला तथा प्रकाशन विभाग के श्री गिरधरवल्लभ दाधीच कनिष्ठ तकनीकी सहायक ने प्रूफ सशोधन मे सहयोग दिया एव मेरे अनुज श्री हुकमसिंह भाटी ने इसकी नामानुक्रमणिकाए बनाने का श्रम किया है जिसके लिये मै इन सभी महानुभावो को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

नारायणसिंह भाटी

विषय-सूची

महाराजा मांनसिंह री ख्यात

॥ श्री जाळधरनाथजी ॥

माहाराज श्री मानसिंघजी समतें १८३९ रा मिती माहा सुद ११ दुतीक गुरुवार रौ जनम नै समत १८६० रा मिगसर वद ७ जोधपुर गढ दाखल हुवा। समत १९०० रा भादवा सुद्र ११ सोमवार नै पाछली रात पोहोर एक रया[१] मडोवर मे देवलोक हुवा[1]।

माहाराज श्री विजैसिघजी रै माहाराज कवार फतैसिघजी पाटवी हा[2] सो चलिया पछै पासवानजी अरज कर नै कवरजी सेरसिघजी नू जुगराज[3] पदवी दिराई थी। नै पासवानजी रा वाभा तेजसिघजी चल गया तरै मानसिघजी नै पासवानजी आपरै खोळै ज्यू राखीया था[4]। सो सेरसिघजी मानसिघजी दोनू पासवानजी कनै माहलैबाग रहना था।

समत १८४८ रा वेसाख मे भीवसिघजी मतै मालक वणीया[5] जिण समै पासवानजी सेरसिघजी ने मानसिघजी नै[२] जाळोर मेल दीना,[6] जाळोर पासवानजी रै पटै थी। पछै सेरसिघजी तो जालोर सू परा आया,[३] जिणा नै भीवसिघजी चूक करायौ[४] नै मानसिघजी जाळोर हीज रह्या।

जालोर गढ के महाराजा भीवसिहजी द्वारा घेरा डालना

माहाराज श्री मानसिघजी जाळोर रा गढ मे, नै वारै घेरौ माहाराज श्री भीवसिघजी रौ। जिण फौज मे मुसायव सिघवी इदरराजजी अर भडारी गगाराम, इदरराज रो मामो नै इदरराज रौ छोटो भाई वनराज थौ। सो सैर जाळोर भिळियौ[7] जद काम आयौ,[५] सो विगत इण हीज बही पोथी मैं मडी छै।

---

१ ग पोहर लारली मडोवर रा वाग मे देवलोक हुवा। २ ग पासवानजी (अधिक)।
३ ग 1846 रा उरा आया था। ४ ग सवत 1851 मे (अधिक)।
५ ग सो छतरी जाळोर रै वारै कराई (अधिक)

---

1 मृत्यु हुई। 2 गद्दी के अधिकारी थे। 3 युवराज। 4 गोद के पुत्र की तरह रखा था। 5 अपने आप गद्दी के मालिक बन गये। 6 जालोर भेज दिया था। 7 शहर मे फौज ने प्रवेश किया।

पछै जाळौर फौज रा मोरचा साकडा[1]। माहाराज मांनसिंघजी पूरा तग, खरच रसत री पूरी अडचल[2]। तरै इदरराज सू वात ठहराई कै म्हे गढ खाली कर देसा नै राजलोकां सुधा[3] नीचै उतर जासा। सो आ वात समत १८६० रा आसोज सुदी १ री है। तरै सिंघवी इदरराजी, भडारी गगाराम मालम कराई कै ठीक है, आप फुरमावसो ज्यू करसा।

पिण माहाराज श्री भीवसिंघजी री पूरी तकरार है सो आप दिना रौ करार पको फुरमाय दिरावै नो तोपखानौ वदूक गोळी वद कर देवा। जद आप दीवाळी रौ वचन दियौ। जद इणा वात मान लीवी। हमे साफ गढ छोडण रौ वीचारीयौ। दीवाळी नैडी आई। पछै श्री जाळधरनाथजी रौ मिदर जाळोर रा गढ सू नजदीक है जठै माहाराज कदे-कदे दरसण करण नू पधारै हा[4] सो आयस देवनाथजी जाळधरनाथजी री सेवा करता जिणा नै श्री जाळधरनाथजी री रात रा आग्या हुई कै माहाराज श्री मानसिंघजी गढ छोडै है सो काती सुद ६ ताई गढ नही छोडै तो कदेई माहाराज श्री मानसिंघजी सू गढ छूटै नही। नै जोधपुर रो राज इणा नै मिळै। सो आ आग्या हूई जद आयस देवनाथजो आय मालम कराई। जद आयसजी नू रुवरू बुलाया, अर फुरमायौ—ठीक है कै औ गढ जाळौर रौ म्हा सू नही छुटै नै जोधपुर रौ राज म्हानु मिळ जावै तो म्हारा राज मे थांरो सीर धणौ रहसी।[5] नै थारी आग्या सू राज रौ काम होसी। इणताछ[6] पकावट कर दीवी।

पछै दीवाळी नैडी आई तरै इदरराज फेर मालम कराई कै गढ खाली कराईजे। जद आप फुरमायौ—के काती सुद ६ ताई फेर सुस्ता रहौ, पछै दिन काढसा नही। जिण री फेर पकावट कर दीवी।

महाराजा भींवसिंहजी की अचानक मृत्यु और स्थिति में परिवर्तन

पछै काती सुद ४ समत १८६० रा माहाराज श्री भीवसिंघजी जोधपुर मे देवलोक हुयगया। तरै धाय भाई सिभूदान, भडारी सिवचद, मोहणोत ग्यानमल वगेरै सारा जिणां मनसोवो कर[7] सिंघवी इदरराजजी नू लिखीयौ—श्रीजी माहाराज तौ धाम पधार गया[8] नै लारै राजलोका रै आसा है[9] अर सवाईसिंघजी पोकरण है जिणा नै वादै कासीद मेलीया[10] है सो थे हाल घेरो उठे

---

1. मोरचे नजदीक लगे। 2 तकलीफ। 3 राज्य कर्मचारियो तथा कुटुम्ब सहित। 4 दर्शन करने को पधारते थे। 5 मेरे राज्य मे तुम्हारा (नाथो का) खूब वोलवाला रहेगा। 6 इस प्रकार। 7 मनसूवा करके। 8 स्वर्गवासी हो गये। 9 रानी गर्भवती है। 10 पत्रवाहक भेजा है।

है ज्यू हीज राखजो, सो सवाईसिंघजी आया फेर अठासू लिखा ज्यू कीजो। सो औ समाचार इदरराज, गगाराम वानै काती सुद ५ पोता[1] तरै घणी फिकर कीवी। पछै पाणीवाडै गया,[2] भदर हुवा,[3] सारौ लोक भदर हुवा। गढ मे पिण मालम हुय गई। मन मे राजी तो हुवा पिण जाणै हमे काई हुसी देखी जासी।

पछै पाणीवाडै गया सु इदरराज गगाराम पाछा डेरै आया। अर मामा भाणेज सला करी कै हमे आपा नू काई कीयौ जोईजै ? जोधपुर वाळा तो लिखै हाल घेरो है ज्यू हीज राखजो नै पछै म्है लिखा ज्यू कीजो सो आपा किसा उणा रा तावेदार छा[4]। आपा तौ सिरकार रा चाकर छा अर जोधपुर वाळा लिखै है कै आसा है, सो देखी जासी, आंपा तो ईकवीस वरस रौ राजा माहाराज मानसिघजी छै अर माहाराज विजैसिंघजी रा पोतरा छै[5] सो हमे हक राज रौ इणा रौ हीज छै। सो आपा तौ इणा हीज सू मिळौ अर जोधपुर ले हालौ। आज ताई भीवराजजी[6] रा हराम खोराई री दिस्ट लगाई नही। लूण री सरीगत[7] थी जितरै आपा इणा सू लडीया। हमे तो औ धणी नै आपा चाकर, श्रीजी सारा थोक आछा करसी।

आ वात पकी विचार, ललवाणी अमरचद इणा कनै रहतौ थौ तिण नू गढ ऊपर माहाराज श्री मानसिघजी कनै मेल मालम कराई–माहाराज श्री भीवसिंघजी धाम पधारीया, इदरराज गगाराम मालम करावै है। तरै आप फिकर कीवी अर दोना नू रूवरू बुलाया सो इणो मुजरौ निजर निछरा-वळ[8] कर अरज करी कै आप जोधपुर पधारीजे। जद आप फुरमायौ कै था दोय जणा रीज भला है कै सारा री है। जद इणा अरज करी कै जोधपुर मे है जिणा री तौ सला दूजी है पिण म्हा दोना री सला आहीज है। आप ताकीद कर फौज दाखल हुईजै अर दर कूचा[9] जोधपुर पधारीजै हमे जेज करणज्यू है नही,[10] सारी वात ठिकाणै आय जासी,[11] किण री सला रो वटसी नही[12] म्है फकत सामधरमा री अरज करा छा। आप मुलक मारवाड रा धणी छौ नै म्है चाकर छा सो म्हारी वदगी खाद देखीजै[13]। ताकीद करावै अर सारा नै खातरी

---

1 पहुचे। 2 शोक की रस्म पूरी की। 3 वाल मुडवाये। 4 हम कौनसे उनके अधीनस्थ हैं। 5 पौत्र। 6 भीवराज के वशजो ने कभी स्वामी से धोखा नही किया। 7 नमक मे हमारा हिस्सा था। 8 भेंट न्यौछावर आदि किया। 9 विना कही ठहरे। 10 अव विलम्ब करने की स्थिति नही है। 11 सव परिस्थिति अनुकूल हो जाएगी। 12 किसी दूसरे की सलाह कारगुजार नही होगी। 13 आप स्वामी हमारी सेवाओ की परीक्षा कीजिए।

ग खास रुका लिखाईजै । जिण ऊपर आप इणा नु खातरी घणी फुरमाई क थे पीढीया रा सामधरमी चाकर छौ ज्यू ही थारी वदगी आज ताई चली आई है । अर था जिसा जोधपुर रै घर मे दूजा नही छै[1] । इण ताछ पूरी दिलासा खातर कीवी नै खास रुको लिख दीयो । तिण री नकल—

> सिघवी इदरराज गुलराज मेघराज कुमलराज मुखराज कस्य सुप्रसाद वाचजो तथा थे श्री वावाजी रा नै वाभेजो रा स्याम धरमी चाकर हौ सो हमार म्हानै जाळौर रा किला सू सैर पधराया, जोधपुर रौ राज सारौ म्हानै करायौ सो आ वदगी थारी कदे भूलसा नही । म्हारो सदा था निरतर मरजी रहसी । थारी वगसीगिरी नै सोजत सिवाणा री हाकमी नै गात्र वीजवो, वणाड नै सुरायता पटै है जिण मे म्हे कदेई तफावत पाडा नही[2] । नै म्हारा वसत रौ[3] हुसी नु थासू तथा थारा वसत रा सू तफावत करै तौ तथा म्हे थानै कदेई कैद करा तौ श्री जळधरनाथजी इस्टदेव धरम करम विचै छै ।

औ रुको निवाजस रै राहा तावापत्र ज्यू इनायत कियौ है । थै श्री वडा माहाराज नै श्री वाभैजी रा स्यामधरमी नै हमे मन वचन काया करमा रा स्यामधरमीज रहो[4] । म्हे इण रुका मै लिखियो है जिण माफक आखर रौ हो और तरै जाणौ तौ अै विचे लिखिया इष्टदेव लगायत एक वार नही सौ वार है । ये घणी खुसी खातर राख जौ ।

इण ताछ पूरो दिलासा कीवी । पछै खास रुका जोधपुर रै गढ मे था जिणा वगेरा नु लिखिया । धायभाई सिभुदान वगेरै खास पासवान अर मुतसदीया सारा नु । जिणा नै लिखियौ कै श्री वडा माहाराज श्री विजैसिघजी अर श्री वाभाजी रा सारा चाकर हौ अर थानै वणाया है जिणी तरै थानै वणोया राखसा,[5] किणी वात रौ फिकर जांणजौ मती । सारां नू वरावर दरजे मुजव वरतसा । विना कसूर किणी नै विगाडसा नही[6] । इदरराज नै वगसी अर सोजत री हाकमी, वीजवो गाव अर दासीवास अै म्हे राज करा जितरै थारै ईज रहसी । वगेरै घणी खातरी लिखी ।

---

1 जोधपुर राजघराने मे कार्य करने वाले दूसरे नही हैं । 2 इसमे कोई हेर फेर नहीं करेंगे । 3 मेरे वश का । 4 मन वचन कर्म से स्वामीधर्म का निर्वाह करने वाले रहो । 5. जिस स्थिति मे हो उसी स्थिति मे बनाए रखेंगे । 6 किसी को हानि नही पहुचाएंगे ।

भडारी गगाराम नू खास रूकौ जिण में लिखियौ कै सिवाणा री हाकमी नै गाव वगांड पटै वगैरै खातर लिखी ।

ग्रर जाळोर री फौज मे सिरदार वडोडा तौ हाजिर हा नही ।[1] नै चादावत बाहादरसिघ डावडा रा, चादावत ग्रमरसिंघ नोखेडा रौ, दुरजनसाल नोदनसिघोत नै रुघनाथसिघोत[2] मेडतिया वगेरै ग्रासामी थी । तिण नु पिण खातरी रा रुका लिखाया ।

पछै इतरी वात कर इदरराजजी कागद लिख कासीदा री जोडिया जोधपुर चलाई, तिण मे थें सभी समाचार लिखिया । कागद थारा ग्राया ग्रर था सला लिखी सो ठीक पिण माहाराज मानसिघजी ईकीस वरस रा धणी माहाराज श्री विजैसिघजी रा पोतरा बैठा[3] दूजी सला विचारौ सो ग्रा वात ठीक नही । महाराज श्री भीवसिघजी विराजिया जितरै तौ उणारै लूण री सरीगत सू इण सू लडिया ग्रर हमे तौ म्हासु दूजी वात हुवै नही[4] ग्रर कदास[5] थें मन मे डर लावौ सो माहाराज श्री भीवसिघजी गढ मे विराजिया तौ श्री वडा माहाराज विजैसिघजी रा चाकरा नै किणी नै विगाडिया नही सो ऐ माहाराज ही किणी नै विगाडसी नही[6] । तिण रैं वचन रा खास रुका इण कागदा मे मेलीया है सो पौंतसी । सो किणी वात रौ ग्रदेसौ[7] जाणजो मती नै था लिखीयो कै सवाईसिघजी पोहोकरण छे सो तौ ग्रावैला हीज पिण ग्रापा मुसदी खास पासवान हा जिणा नै तो खालसाही वरतण राखणी[8] ।

इण ताछ रा कागद लिख जोधपुर मेलीया । श्री माहाराज मानसिंघजी नु तळेटी[9] कचेड़ी रा मैला दाखल कीया । सारी वात री त्यारी कराई । फौज रा डेरा सिरायचा खडा कराया । श्रीजी नै फौज मे डेरा दाखल पधराया नै जोधपुर कागद इदरराज गगाराम रा पोंता, सो पाछौ जवाब ग्रायौ । समाचार वाचीया, धायभाइ सिभुदान, रामकिसन मोहोणोत ग्यानमल सिघवी ग्यानमल भडारी सिवचद वगेरै मुसतदी नै दीवाणजी सिघवी जोधराज रा बेटा विजैराज नै काम करता मू ढा ग्रागे पचोळी गोपाळदास वगेरै सारा जणा विचारी कै ग्रापा तौ लिखण मे पाछ राखी नही थी[10] पिण करा काई,

---

1 वडे सरदारो मे से कोई नहीं था । 2 रघुनाथसिंह मेडतिया के वशज । 3. मौजूद होते हुए । 4 ग्रन्य कोई ग्रनुचित वात मुझसे तो होती नही । 5 कदाचित 6 किसी को हानि ग्रादि नही पहुचाएँगे । 7 ग्रदेशा । 8 ऐसा मानकर चलना चाहिए कि भीवसिहजी की मृत्यु के वाद गद्दी रिक्त हो गई । 9. किलें के नीचे । 10 हम ने तो लिखने मे कोई कमी रखी नही ।

फौज उणा रै हाथ नै मारवाड रा उमराव आउवो, आसोप, रास, चडावळ, लावीया वगेरै छाडीयोडा[1] जिणा नू इदरराजजी घाटै उतार दिया था सो ऊवै कोटे वैठा है। सवाईसिंघजी पिण अठै नही मो जोर आपणो क्यु ही लागै नही।

तरै हार खाय[2] पाछी लिखावट इदरराजजी गगारामजी नू इणा जोधपुर सू कीवी कै म्हारौ विचार वरियौ रह्यौ अर थारै तुली ज्यू थे करी पिण वचन कथन तौ हमे पका लीजौ सो महाराज श्री भीवसिंघजी रा किणी चाकरा नू विगाडै नही नै माहाराज श्री भीवसिंघजी रै खोळै तिलक विराजण री ठेराईजौ।[3]

पछै सवाईसिंघजी पिण पौकरण सू आया। इदरराज गगाराम री सला पिण दाय[4] आई नही। पिण जोर किहूँई लागै नाही।[5] अर मन मे आ जाणै के राज दोय वणीया राखणा।[6]

महाराजा मानसिंह का जालोर से कूच कर जोधपुर आना

पछै माहाराज श्री मानसिंघजी रौ कूच जाळोर सू हुवौ सो दरकूवा गाव सालावास पधारीया। छोटा-मोटा सिरदार नजीक था तिणा नू खास तथा हुकम रा कागद पोता, सौ तौ सारा हाजर हुवा। नै आगी दूर रा सिरदार छाडीयोडा कोई था जिणा नू खास रुका पोता सु वहीर हुवा।[7]

सिंघवी इदरराजजी भडारी गगारामजी मुख-मुसायव[8] सारै काम री मुकत्यारी थी अर भडारी घीरजमल परबतसर री तरफ फौज लीया थौ सो पिण फौज ले आय हाजर हुवौ। अर कोटे सिरदार था सो सारा आय हाजर हुवा ने जोधपुर सू ठाकुर सवाईसिंघजी पोहोकरण नै सिवनाथसिंघजी वगेरै सिरदार नै मुसतदी खास पासवान वगेरै सारा गाव सालावास आय हाजिर हुवा। सारा नू इदरराजजी मुजरा कराया नै खातर न्यारा-न्यारा नू दरजे मुजव कराई। महाराज सिगळा री ओळखाण पूछी।[9] पछै उठा सु कूच हुवौ नै सैर नजीक आयौ तरै हजूर हाथी विराजिया नै लारै छवर करण नू पोहोकरण रा ठाकर सवाईसिघजी वैठा। समत १८६० रा मिगसर

